**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का सार्वजनिक उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बी डी-नि.वा./एम आर/07 दिनांक : 20 अक्तूबर,2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**Defexpo-2022 के दौरान बी डी एल ने एम ओ यू में प्रवेश किया।**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बी डी एल) और डसॉल्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं एवं भविष्य की निर्यात बाजार के लिए अस्त्र और स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन, राफेल एयरक्रॉफ्ट जैसे बीडीएल की अस्त्र प्रणालियों के एकीकरण के लिए समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है।

बीडीएल और आई आई टी, रोपर ने सभी मिसाइलो और अंतर्जलास्त्रों के लिए संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ और प्रोद्योगिकी विकास पर कार्य करने के लिए समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है।

उपरोक्त के अलावा, बीडीएल ने अन्य संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है, जिनमें अशोक लीलैंड, डिफेंस सिस्टम लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम, न्यू स्पेस टेक्नोलॉजिस आदि शामिल हैं।

गुजरात स्थित गाँधीनगर में Defexpo-2022 की तर्ज पर आयोजित बंधन समारोह के दौरान माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में संबंधित कंपनियों के साथ आपस में एम ओ यू प्रदान किये।

बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रने कहा कि नए भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन कंपनियों के बीच अधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त / सुगम करेगा।

बीडीएल की ओर से श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), डॉ उपेंद्र वेन्नम, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कमोडोर ए माधवराव (से.नि.) अधिशासी निदेशक (विपणन) और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




Defexpo-2022 के दौरान बीडीएल ने विविध संगठनों के साथ एम ओ यू में प्रवेश किया।